हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 खण्डसरा बाजार चौक में पुलिस ने लगाया समाधान ...

08 टाउनशिप में मनोरंजन के लिए फौलादी कहां जाएं




# अन्नदाताओं ने मुखिया का जताया आभार, अब रविवार तक किसान बेच सकेंगे धान

## जिले में अब तक 9,12, 220 मीट्रिक टन धान की हो चुकी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

राज्य के किसानों के हित में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि 4 फरवरी तक बढ़ाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील निर्णय लिया है।

जिला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में बेमेतरा जिले में 31 जनवरी तक 9 लाख 12 हज़ार 220 मैट्रिक टन धान की ख़रीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के एवज में कृषकों को 1819.66 करोड़ भुगतान हो चुका है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसानों की सुविधा देखते हुए खरीदी की तिथि आगे बढ़ाई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार एवं रविवार 4 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है।



### निर्णय का स्वागत

किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री साय का यह संवेदनशील निर्णय से किसान उत्साहित हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के सभी एसडीएम, तहसीदार और नायब तहसीदारों को उपार्जन केंद्रों का दौरा करने और वास्तविक किसानों की धान ख़रीदी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों ने धान उपार्जन केंद्रों का दौरा किया।

### कृषकों ने ली राहत की सांस

ऐसा पहली बार होगा कि 03 फरवरी शनिवार और 04 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आज

**बेमेतरा।** ज़िले के युवाओं को भारतीय थल सेना एवं वायुसेना सेना में अग्निवीर भर्ती सेवाओं के संबंध जानकारी देने के लिए 1 फ़रवरी को ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय और समाधान महाविद्यालय में एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पूर्वाह्न 11 बजे और समाधान महाविद्यालय में दोपहर 2 बजे से होगा। थल सेना में अग्निवीर भर्ती सेवाओं की जानकारी मेजर सतीश कुमार, रायपुर व सहायक अधिकारी देंगे। वहीं, वायुसेना भर्ती सेवाओं की जानकारी भोपाल के सार्जेंट डीएस मराठे देंगे। उपसंचालक ज़िला रोज़गार प्रमोद जैन ने बताया कि ऐसे इच्छुक युवा जिनकी उम्र साढ़े 17 से 21 वर्ष के बीच है और 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण हैं, वे ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल हो सकते हैं।

### दो महिला से 36 पौव देशी शराब जब्त

**बालोद।** महात्मा गांधी के पुण्य तिथि पर अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपियों को डौण्डीलोहारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 36 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपियों में संबलपुर निवासी रंजीता बाई पति स्व.धनंजय कोसरे 37 वर्ष के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन कीमती करीब 2160, तथा वार्ड नंबर 10 राजापारा निवासी नरबदिया बाई पति दिलीप कुमार देशलहरे 60 वर्ष के कब्जे से अवैध शराब 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए बरामद कर धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है।

### ग्राम बुंदेली (कोबा) में श्री राम कथा कल से

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बुंदेली (कोबा) में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक किया जाएगा। आयोजन समिति के भोपसिंह साहू व अनुसूईया देवी साहू ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार प्रेम मूर्ति पूज्य संत श्री प्रेमभूषण जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से 9 दिन तक श्रीराम कथा का श्रवण पान करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन 2 फरवरी को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के श्रीराम कथा मंडप पहुंचने के बाद पूजा अर्चना के बाद राजन जी महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होकर धाराप्रवाह श्रीराम कथा की शुरुआत करेंगे।

### देवीनवागांव में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**बालोद।** ग्राम देवीनवागांव में निषाद परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक आयोजित है। कथावाचक नेवारीकला से भगवताचार्य पंडित लोकेश शर्मा महाराज होंगे। कथा का समय दोपहर 1 से 5 बजे तक होगा।

### सीएमएचओ से पात्र अपात्र की सूची जारी

**बालोद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद द्वारा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु पात्र–अपात्र सूची जारी कर दी गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा दावा-आपत्ति करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में दावा-आपत्ति कार्यालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में प्रस्तुत कर सकतें है।

## जांच : मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने पर दिया जोर

# एसपी ने कोतवाली थाना का किया निरीक्षण मातहतों को बेहतर पुलिसिंग के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले की एसपी भावना गुप्ता ने जिला मुख्यालय स्थित सिटी कोतवाली थाना का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने थाना/चौकी में लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतों पर शीघ्र कारवाई करने का निर्देश सहित बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पर जोर दिया।

- आपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों का करें निराकरण

**महिला और सियान डेस्क लगातार चलाएं :** बता दें कि पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने बीते दिनों प्रदेश पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कांफ्रेंसिंग लिया था जिसमें उन्होंने विभिन्न विषयों के साथ थानों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। जिसके उपरांत एसपी श्रीमती गुप्ता ने बुधवार को थाना सिटी कोतवाली पहुंच कर थाना में स्थापित महिला डेस्क और सियान डेस्क को लगातार सुचारू रूप से संचालित करने कहा। इसके अलावा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का जहां मनोबल बढाया वहीं कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया। साथ ही पुलिस जवानो को तनाव से दूर रहने का टिप्स दिये और उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने एक प्रधान आरक्षक को अच्छी वेशभूषा धारण करने पर उचित इनाम से पुरस्कृत किया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी व विवेचको और आरक्षकों को संवेदनशील होते हुए समाधान हेल्पलाईन नंबर 9479257558 एवं बेमेतरा पुलिस की यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 का प्रचार प्रसार करें और हेल्पलाईन से शिकायत प्राप्त होने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने पर जोर दिया।



### लंबित मामलों की ली जानकारी

इस के अलावा उन्होंने थाना में जप्ती माल, मालखाना, बंदीगृह, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, ड्यूटी रजिस्टर, मूर्त रजिस्टर, सहित अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किया वहीं थाना/चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधों, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिक तत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने की बात कहते हुए इस पर भी निर्देश दिया कि थाना/चौकी में रिपोर्ट करने आये लोगों को गंभीरता से सुनें और कार्रवाई करें।

### नियमित एन्ट्री करने का निर्देश

इसके साथ प्रहरी ग्रुप में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने, सीसीटीएनएस आपरेटर को नियमित एन्ट्री करने एवं एन्ट्री में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए टीम भावना से कार्य करने तथा दुष्कर्म के प्रकरणों में प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने के दिनांक से दो माह के भीतर विवेचना कार्यवाही पूर्ण करने दिशा-निर्देश दिये, महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को एक अभियान चलाकर यथा शीघ्र निराकरण करने कहा साथ ही संशोधित नए कानून के संबंध में विवेचकों को प्रतिदिन हो रहे प्रशिक्षण में शामिल होने एवं संशोधित नए कानून के संबंध में विवेचकों आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना सिटी कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिन्हा, चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि उदल टांडेकर, एसपी रीडर विष्णु सप्रे एवं थाना बेमेतरा अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में सम्मानित हुई सूर्यकिरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/बेरला

भारत सरकार आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स) में प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाता है। इन सेंटर्स में योगाभ्यास कराने वाले 15 योग प्रशिक्षकों को दिल्ली में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सपरिवार आमंत्रित किया गया था।

आयुष मंत्रालय द्वारा15 अलग अलग जिले से योग प्रशिक्षकों का चयन किया गया था। जिसमें जिले से आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय टकसींवा की योग प्रशिक्षिका सूर्यकिरण साहू का चयन उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए किया गया था। वे अपने पति सुशील कुमार साहू के साथ उक्त समारोह में रूप में सम्मिलित हो कर कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम की साक्षी रहीं। इसके बाद भारत सरकार के आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने प्रतीक चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया व उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। श्रीमती साहू की इस उपलब्धि पर सम्मानित किए जाने पर, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा, टकसींवा संस्था प्रभारी डॉ. कुश कुमार साहू ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### आज से सूरजपुरा में योग प्रशिक्षण शिविर

संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा के मागदर्शन में बेरला विकासखण्ड के चार ग्राम सुरजपुरा, सुरजपुरा (डीह),लावातरा व सिलघट में आज 1 से 5 फरवरी तक पांच दिवसीय ▸▸ शेष पेज 09 पर

## पीड़ित बच्चों के लिए 70 लोगों ने किया रक्तदान



**नवागढ़।** मंगलवार को नवागढ़ क्षेत्र के थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए स्वर्गीय राजा गांधी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगर के गुरुद्वारा में स्थानीय युवक गणेशु यादव, परमेश्वर पात्रे, अनमोल गांधी व राकेश साहू द्वारा आयोजित शिविर में नवागढ़ सहित क्षेत्रभर के रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के आयोजन में नगर के जनप्रतिनिधि, युवा वर्ग, व्यापारियों का भी सहयोग रहा। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ. टंडन को अधिकारी-कर्मचारियों ने दी विदाई



**बेमेतरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जीएल टंडन के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें अधिकारी-कर्मचारियों ने ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री टंडन को शॉल और श्रीफल भेंटकर उनके स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की।

कलेक्टर श्री शर्मा ने श्री टंडन की सज्जनता, आमजनों से सहयोग की भावना एवं उनकी कार्य शैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहज, सरल, व्यक्तित्व के धनी, निर्विवाद, सफल एवं कुशल अधिकारी बहुत कम मिलते है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जब भी सहयोग की आवश्यकता होगी, तब सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि श्री टंडन की 37 साल की सेवा की। यह अपने आप में क़ाबिले तारीफ़ है। उन्होंने श्री टंडन के सभी सरकारी क्लेम बिना किसी समस्या के निपटाने को कहा। उन्होंने इन्हें जीवन की द्वितीय पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह ज़िला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में समीक्षा बैठक के बाद आयोजित हुआ, जिसमें सिविल सर्जन डॉ एसआर चुरेंद्र, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक लता, सभी बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ व मेडिकल ऑफिसर उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में तृतीय वार्षिक उत्सव सफलतापूर्वक आयोजन बीते दिनों किया गया।

वार्षिक उत्सव का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्री. प्राइमरी के बच्चों द्वारा जंगल थीम डांस के माध्यम से सभी जानवरों के आपसी प्रेम भाव को प्रदर्शित किया गया। प्राइमरी के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किया गया। मीडिल के बच्चों द्वारा मोबाइल थीम के माध्यम से यह संदेश दिया कि किस तरह आजकल के बच्चे अपने अभिभावक और रिश्तेदारों को भूलकर एवं खेलना-कूदना छोड़कर मोबाइल के उपयोग में लगे रहते हैं, एवं मोबाईल के दुष्परिणाम को भी प्रदर्शित किया। मिडिल स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को दर्शाया। इसके तहत स्वच्छ भारत मिशन, मजदूर कल्याण योजना, पीएमजेजेवाय, आवास योजना आदि की जानकारी को प्रदर्शित की गई। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण देवी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी का सर्वोत्तम उदाहरण बच्चों ने नृत्य नाटिका के रुप में किया। देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों के कारण उन्हें देवी की उपाधि दी गई। इस 40 मिनट की नृत्य नाटिका को ग्रीष्मा दिनेश एवं ग्याहरवीं विज्ञान के छात्र सात्विक सोनी के मागदर्शन में मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को उनकी इस सफल प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दीं।

- बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मोहा मन



## जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

# जिले में शिशु व मातृ मृत्यु दर को कम करना हमारी प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव और नियमित जांच सहित उनके एवं बच्चों के टीकाकरण का बढ़ावा हेतु व्यक्ति रूचि लेकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी समय पर पहुंचे और अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिले।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में स्वास्थ्य संबंधी अधोसंरचना एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और स्टाफ़ की जानकारी ली वहीं उन्होंने कहा कि लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लक्ष्य पूरा करने, कमियां दूर करने कहा। साथ ही शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड कार्य योजना बना कर पूरा करने कहा। श्री शर्मा ने कहा कि हमारा मुख्य फोकस संस्थागत प्रसव को बढ़ावा व जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना है।ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता ने पॉवर प्रजेंटेशन के ज़रिए स्वास्थ्य संबंधी गयी प्रगति बताई। एनीमिक महिलाओं को चिन्हांकित कर पोषण आहार उपलब्ध कराने के साथ, गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, आवश्यक दवाइयों, टीकाकरण आदि सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर जागरूक करें।

कलेक्टर ने सभी योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि प्रत्येक 15 दिन में विकासखण्डवार प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एल.टंडन, सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. चुरेन्द्र , सभी बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, मेडिकल ऑफिसर उपस्थित रहे।



## योजना से गरीबों के घरों में लगेगा सोलर पैनल

**कुसुमकसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए सूर्योदय योजना की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत देश के लगभग एक करोड़ परिवारों को इससे फायदा पहुंचेगा। इस योजना का मुख्य लक्ष्य एक करोड़ घर की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करना है। केंद्र सरकार इस योजना के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय अभियान शुरू करेगा।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सेल सीएसआर कप का ग्राम जरारोदा आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत जरारोदा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट "सेल–सीएसआर कप" का उद्घाटन महाप्रबंधक (फ्लक्स) एवं खदान प्रमुख (कुटेश्वर माइंस) मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रायोजित सेल–सीएसआर कप" का आयोजन आसपास के गांवों के युवाओं के लिए किया जा रहा है।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ



**भिलाई।** श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ अहिवारा संतोषी मंदिर प्रांगण में एकता महिला मानस मंडली के तत्वावधान में कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कथावाचक पं. देवशरण शर्मा ने वेदी एवं मंच पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार एवं वार्ड-5 पार्षद शिवकुमार (शिब्बू) अग्रवाल, नगर साहू संघ के अध्यक्ष दिलहरण साहू, इंद्र कुमार ठाकुर एवं पुरानिक साहू, तेजराम साहू, झेरिया यादव समाज अहिवारा परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेश यादव, सुनिता धनकर आदि मौजूद थे।

### अभ्यर्थियों ने किया गृहमंत्री से मुलाकात

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षित फायरमैन अभ्यार्थियों की सीधी भर्ती करने की मांग को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात किया। इस दौरान अभ्यार्थियों ने बताया कि 10 वर्ष से आपातकालीन सेवा अग्निशमन विभाग में सीधी भर्ती नहीं हुआ है। प्रदेश के शिक्षार्थी लाखों रुपए खर्च कर ट्रेनिंग लेते है। पहले की सरकार के अनदेखी के शिकार हुए प्रशिक्षार्थी नई सरकार के गठन के बाद फिर से आश जागी है। गृह मंत्री विजय शर्मा को सीधी भर्ती के लिए ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान प्रशिक्षित फायरमैन संघ के अध्यक्ष डेरहा राम साहू, सदस्य मुकेश कुमार यादव,अजय कश्यप, धर्मेंद्र कुमार, वरुण दास, रोहित टंडन, विरेन्द्र कुमार मौजूद थे।

### एसआईओ क्रिकेट में अल्फा वारियर्स विजेता

**भिलाई।** भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ने खेल महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। अर्जुन नगर कैंप-1 दशहरा मैदान में बच्चों के लिए आयोजित इस खेल महोत्सव में 10 से 16 साल के बच्चों की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। भिलाई के अलग-अलग क्षेत्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इनमें टीम अल्फा वॉरियर्स प्रिंस के नेतृत्व में टूर्नामेंट की विजेता बनी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआईओ छत्तीसगढ़ के जोनल सेक्रेटरी इदरीस खान ने विजेता टीम को 1100 रुपये नकद, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल से टीम को सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**भिलाई।** 14वीं अन्तरराष्ट्रीय तेंग सूडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2023-24 नई दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से तेंगसूडो स्पोर्टस एसोसिएशन के चयनित 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन से कई पदक हासिल किए। इन खिलाड़ियों में एन आयुष-स्वर्ण पदक, सोनालिका साहू-स्वर्ण पदक, मेधा साहू-स्वर्ण पदक,अंजली कुमारी-रजत पदक,इन्द्राणी साहू- रजत पदक, जया साहू-रजत पदक,उन्नति यादव-रजत पदक,भावेष साहू-रजत पदक,पर्णवी जंघेल-कास्य पदक,माधुरी साहू-कास्य पदक,अन्जु यादव-कास्य पदक, टीम कोच-दिनेश साहू,टीम मैनेजर-डिगेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षिका-शाउमा विद्यालय कपसदा कुम्हारी जिला-दुर्ग शामिल हैं।

# वेतन समझौता पूर्ण करने संयुक्त यूनियन का दबाव

## गेट मीटिंग में पर्चे बांटकर जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त यूनियन द्वारा बोरिया गेट पर मंगलवार को गेट मीटिंग कर पर्चा बांटा गया । संयुक्त यूनियन नेताओं ने ज्लद एनजेसीएस बैठक बुलाकर वेतन समझौता पूर्ण कर लंबित एरियर्स भुगतान की मांग की। गेट मीटिंग में कहा कि 20 जनवरी के एनजेसीएस की बैठक में प्रबंधन ने यूनियनों को प्रस्ताव दिया था कि 29 जनवरी को पुनः बैठक कर लेते हैं, जिसे यूनियनों ने खारिज कर दिया I अब जबकि प्रबंधन ने मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय के द्वारा बुलाए गए सुलह बैठक में लगातार एनजेसीएस बैठक कर मुद्दों को हल करने पर अपनी सहमति दी थी और इसी आधार पर 29 एवं 30 जनवरी की हड़ताल स्थगित हुई है तो प्रबंधन अभी तक एनजेसीएस की बैठक का दिन निश्चित नहीं किया है । प्रबंधन जल्द से जल्द अपने वादे



के अनुसार एनजेसीएस बैठक बुलाकर मुद्दों का निराकरण करे । संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि सेल के लोहा बेचने में जो घोटाला सामने आया है वह सामान्य बात नहीं है कर्मियों के खून पसीने से बना हुआ लोहे का एक-एक टुकड़ा बेसकीमती है, इसीलिए सेल में हुए इस घोटाले के खिलाफ सभी कर्मियों को एक होना होगा। जिन कंपनियों को लोहा बेचा गया है वह शेल कंपनियां है शेल कंपनियां वह होती है जिनका धरातल नहीं होता। यूनियन नेताओं ने कहा कि संयंत्र में नियमित कर्मचारीयों को ट्रांसफर एवं पनिशमेंट का भय दिखाकर कार्य कराया जा रहा है एवं ठेका श्रमिकों को काम से निकाले जाने का भय दिखा कर असुरक्षित कार्य करवाया जा रहा है नियमित कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक खुलकर बात करने से भी कतराते हैं।

# बीएमएस ने की ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएमएस के अध्यक्ष रविशंकर सिंह व महामंत्री चन्ना केशवलू ने बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक दस्तीदार से मिलकर दुर्घटना रोकने सुरक्षा चौकस करने की मांग की है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में हुई दुर्घटना के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की भी मांग की है।

बताया कि रेल एंड स्ट्रक्चर मिल में हुए दुर्घटना में जिसमें ठेका श्रमिक का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण श्रमिक का एक पैर काटना पड़ा । बिना ब्रेकडाउन लिए रोलर मेंटेनेंस का कार्य करवाने से एक बहुत बड़ी चूक है । जिम्मेदार पर कार्रवाई करने और घायल ठेका श्रमिक को सभी प्रकार की सुविधा देने और जब तक दोबारा कार्य पर उपस्थित नहीं होता तब तक श्रमिक के परिवार को वेतन देने की मांग की गई। ठेकेदार द्वारा सुरक्षा में लापरवाही करने के कारण यह दुर्घटना हुई है इसलिए ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किया जाए ।

- सीजीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सेफ्टी कमेटी की बैठक में उठाए जाने वाले सुरक्षा संबंधित मुद्दों का समाधान भी नहीं कराया जा रहा है जो कि आगे जाकर बड़ी दुर्घटना का कारण बनेगा इस पर भी ध्यान दिया जाए मुख्य महाप्रबंधक दस्तीदार ने जांच के बाग कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी भागीरथी चंद्राकर राजनाथ यादव शामिल थे।

## तीन टाकीज बंद हुए, मैत्रीबाग की चमक फीकी हो रही

# टाउनशिप में मनोरंजन के लिए फौलादी कहां जाएं

**पटरीपार में हैं चार टाकीज 2 दशक पूर्व तक बीएसपी करता था सिनेमघरों का संचालन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेहनत कर उत्पादन करने वाले हजारों कर्मचारियों को थकान दूर करने मनोरंजन के लिए तरसना पड़ रहा है। टाउनशिप में एक भी टाकीज नहीं होने से कर्मचारियों और उनके परिजनों को पटरीपार इलाके में जाना पड़ रहा है या फिर टीवी तक सिमट कर रह गए हैं। वहीं सैरसपाटे के पुराने स्थलों का भी आकर्षण कम होता जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में कुछ साल पूर्व तक तीन टाकीज हुआ करते थे। लेकिन वर्तमान में एक भी नहीं है। दो दशक पूर्व तक बीएसपी द्वारा संचालित दो टाकीजों बंद हो चुके हैं और इन्हें आडिटोरियम में परिवर्तित किया जा चुका है। वहीं एक अन्य निजी सिनेमाघर गीत टाकीज भी बंद हो चुका है। इस टाकीज की बीएसपी की देनदारी के विवाद के बाद यहां संचालित पीवीआर सहित सिनेमाघर सील किए जाने के बाद बंद है। बीस साल पहले तक सिविक सेंटर में चित्रमंदिर और नेहरु सांस्कृतिक सदन में रजत पट पर हिंदी व फिल्में दिखाई जाती थीं। दोनों टाकीज 60 के दशक से संचालित किए जा रहे थे, जहां बीएसपी कर्मचारी ड्यूटी के बाद अपने परिवार के साथ फिल्में देखकर इंजाय किया करते थे। लेकिन 17 साल पहले नेहरु सदन और फिर पांच साल पहले चित्रमंदिर में भी फिल्मों का प्रदर्शन बंद कर इसे महात्मा गांधी कलामंदिर के रुप में सभागार बना दिया गया है। यहां सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम हुआ करते हैं। यानी टाउनशिप में एक भी टाकीज नहीं होने से बीएसपी कर्मियों को निराश होने पड़ रहा है। सेक्टर 6 रशियन कालोनी में भी एक मिनी थिएडर हुआ करता था, जिसे रसियंस के जाने के बाद बंद हो चुका है। जबकि पटरीपार इलाके में चार टाकीज हैं। इनमें सुपेला में व्यंकटेश्वर टाकीज, कैंप में न्यू बसंत और चंद्रा मौर्या टाकीज संचालित है। इनके अलावा सूर्या माल मे एक पीवीआर भी है।



### टाउनशिप में बढ़े मनोरंजन के सेंटर

टाउनशिप में भी अब छविगृह के संचालन और अन्य मनोरंजन सेंटरों को विकसित किए जाने की मांग की जा रही है। यूनियनों के मुताबिक टाउनशिप में टाकीजों की तरह सैरसपाटे के लिए अन्य मनोरंजन सेंटर भी नगण्य है। दो दशक पूर्व सैरसपाटे का एक आकर्षक स्पांट हुआ करता था लेकिन पिछले सालो में इसका आकर्षण भी पहले जैसा नहीं रहा। दस साल से बाहर से नए जानवर व पक्षी नहीं लाए जाने से यह उद्यान के रुप में जाना जाने लगा है। इसके अलावा मनोरंजन का कोई ऐसा स्पांट नहीं है, जहां हजारों कर्मचारी अपने परिवार के साथ रिलेक्स हो सकें। शहीद की चमक भी फीकी होती जा रही है। यूनियनों के मुताबिक ठगड़ा बांध मनोरंजन सेंटर की तरह टाउनशिप में भी आकर्षक व बड़ा मनोरंजन का स्पांट बनाए जाने की मांग की है।

### पायोनियर मान्यूमेंट को संवारने की दरकार

सिविकसेंटर में रुसी उप प्रधानमंत्री के भिलाई आगमन की याद में पायोनियर मान्यूमेंट उद्यान का निर्माण किया गया था। लेकिन यह टूटफूट के साथ असामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। इस आकर्षक उद्यान में पहले लोग शाम को परिवार के साथ सैरसपाटे के लिए आते थे। बैठकर शामें गुजारा करते थे। पर लंबे समय से यहां आवारा लड़के लड़कियों और मंदू मतवारों के जमघट से सभ्य लोग आने से कतराते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि पायोनियर मान्यूमेंट की सफाई व साजसज्जा कर इसे विकसित किये जाने की जरुरत है।

## शहर में आयोजन

### वार्डवासियों ने जोन अध्यक्ष का माना आभार



**भिलाई।** वार्ड-34 वीर शिवाजी नगर में बोर खनन किया गया। लंबे समय से वार्डवासियों ने पानी की समस्या से पार्षद को अवगत कराया था। पार्षद ने वार्ड में तीन जगहों पर पार्षद निधि से बोर खनन कराया। इस बोर खनन से वार्डवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल पाएगी। वार्डवासियों ने जोन अध्यक्ष व वार्ड-34 के पार्षद जालंधर सिंह का आभार माना। इस अवसर पर पार्षद वार्ड-33 शैलजा राजू, विकास सिंह, नरेश सिंह, मंजीत वर्मा आदि शामिल थे।

### नृत्य में प्रशिक्षित छात्राओं को मिला प्रमाणपत्र



**भिलाई।** एसएनजी विद्यालय सेक्टर-4 प्रांगण में श्री नटराज नृत्य निलय,डान्स अकाडेमी भिलाई-रायपुर(छत्तीसगढ) में नृत्य प्रशिक्षण प्राप्त करीबन 16 युवतियों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी व इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन सचिव एनएन राव थे। इस अवसर पर श्री नटराज नृत्य निलय के संस्थापक एव नृत्य गुरू के.कृष्ण राव को सम्मान में शाल, श्रीफल व मोमेंटो को मुख्य अतिथि एनएन राव ने भेंटकर सम्मानित किया। राव ने कहा कि 1962 में अपनी स्थापना से गुरूजी एवं उनका पूरे परिवार हजारों युवतियों को कुचीपूडी, भरतनाट्यम एव क्लासिकल डान्स का प्रशिक्षण दे रहे है। उनका यह योगदान अतुलनीय है। राव ने कहा कि कृष्ण राव को भारत के पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी के करकमलों सम्मानित किया जा चुका है। कृष्ण राव का नाम गिनीज बुक में भी दर्ज किया गया है। कृष्ण राव को भिलाई तेलुगु समाज एव कलांजलि नाटक संस्था और अनेक संस्थाओं ने भी सम्मानित किया है। उन्होंने इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### जिला चिकित्सालय में डिलीवरी का रिकार्ड

**भिलाई।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में 27 जनवरी 2024 को स्त्री रोग विभाग में कुल 23 सिजेरियन प्रसव (सीजर डिलीवरी) एवं 15 नार्मल डिलीवरी संपादित की गई है। इस प्रकार एक दिवस (24 घण्टे में) कुल 38 डिलीवरी कराई गई है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में डिलीवरी की संख्या अब मेडिकल कॉलेज स्तर के डिलीवरी की संख्या के समकक्ष है तथा अत्यधिक डिलीवरी से यह प्रदर्शित होता है कि लोग जिला चिकित्सालय दुर्ग के स्त्री रोग विभाग के सेवाओं से संतृष्ट है। सिविल सर्जन डॉ ए.के. साहू से मिली जानकारी के अनुसार 23 सिजेरियन डिलीवरी कराने में डॉ स्मिता सिन्हा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ बसंत चौरसिया निःश्चेतना विशेषज्ञ एवं उनकी टीम एवं स्टॉफ नर्स बिन्दू, रजनी एवं यशोदा तथा नार्मल प्रसव हेतु लेबर कक्ष में कार्यरत चिकित्सक एवं स्टॉफ नर्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अहम भूमिका रहीं।

# आईआईएम भिलाई चैप्टर की मूल्य संवर्धन पर तकनीकी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में, इंडियन इंस्टिट्यूट अफ मेटल्स–भिलाई चैप्टर द्वारा गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्य संवर्धन विषय पर तकनीकी प्रस्तुति का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम अनीश सेनगुप्ता थे। अध्यक्षता, महाप्रबंधक एवी मनोज ने की । राइट्स भिलाई के संयुक्त महाप्रबंधक देविनेनी राजा ने प्रस्तुति में गुणवत्ता आश्वासन की महत्ता एवं इसके विभिन्न आयामों को बखूबी रेखांकित किया। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए विकसित देशों में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता पद्धतियों के बारे में जानकारियां दी। आरम्भ से अंत तक, वक्ता एवं दर्शकों के मध्य पारस्परिक संवाद ने इस तकनीकी सभा को बेहद रोचक एवं प्रेरणास्पद बनाये रखा। इस अवसर पर राइट्स के अधिकारियों सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के गुणवत्ता से सम्बंधित कई अधिकारी उपस्थित थे। आईआईएम, भिलाई चैप्टर के मानद अध्यक्ष व बीएसपी के ईडी अंजनी कुमार और संस्था के मानद

- गुणवत्ता आश्वासन पर दिया प्रस्तुतिकरण

सचिव एवं संयंत्र के जीएम केवी शंकर ने प्रोत्साहित किया।भिलाई चैप्टर के सह अध्यक्ष एवं बीएसपी के एसएमएस–3 के विभागाध्यक्ष एबी श्रीनिवास, आईआईएम भिलाई चैप्टर के कार्यकारिणी के सदस्य महाप्रबंधक यतेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस सहित कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सुष्मिता पटला ने किया।

–––––

# ओए ने बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया।

- पौधे भेंटकर उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित




सेफी चेयरमेन व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर तथा महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव जेपी शर्मा, संजय तिवारी उपस्थित थे। अधिकारियों को पौधे व चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारीगण अपनी सेवा काल के अविस्मरणीय क्षणों को संक्षिप्त में उल्लेख किया। अधिकारियों ने अनुभव साझा किए। सीजीएमसुष्मिता डे, जीएम बलवीर सिंह, राजकुमार सक्सेना, डीजीएम प्राणनाथ सिंह कुशवाहा,एजीएम उषा साजी सीनियर मैनेजर (पर्सनल) का सम्मान हुआ। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, संतोष सिंह, डीपीएस बरार, एमए.आर. शरीफ, आर एस ठाकुर, राधाकिशुन, शोवन घोष, एस सी साहू, विवेक गुप्ता, राजेन्द्र मंत्री, निखिल पेठे, पी सी राउल, एस के मालवीय, तथा एक्स ओए अध्यक्ष एसआर दास आदि अधिकारी गण उपस्थित थे।

### गनियारी में भागवत महापुराण कथा



**भिलाई।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी द्वारा गनियारी भिलाई 3 में आयोजन 25 जनवरी से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। 7 दिनों तक चलने वाले इस संगीतमय भागवत पुराण कथा बाल विदुषी कथा वाचिका भक्ति द्विवेदी (बलौदा बाजार) द्वारा प्रभु श्री कृष्ण जी की लीलाओं का झांकियो के साथ रसपान समस्त ग्राम वासी गनियारी ने किया।आज 30 जनवरी शष्टम दिवस को सुदामा चरत्रि परीक्षित मोक्ष, भगवान का स्वलोक गमन की कथा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बुधवार 31 जनवरी को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति के साथ भंडारे प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

## मैत्रीबाग के कार्यक्रम में दिखी सामाजिक समरसता

# स्नेह सम्मेलन में बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सनातन दसनाम गोस्वामी समाज दुर्ग भिलाई द्वारा मैत्री बाग में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। महिलाओं और पुरुषों का अलग अलग ग्रुप बनाकर रस्सी खींच प्रतियोगिता बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन में एकल व सामूहिक प्रस्तुति दी। जिला के पूर्व अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी ने भी भजन, आद्यया ने दुर्गास्तुति पाठ किया। अंताक्षरी भी हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर बन,दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक बन और मोहन गिरी गोस्वामी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र पूरी गोस्वामी सहित कुंवर गिरी, शंभू पूरी, लवकेश्वर पूरी,भागवत गिरी, नरेंद्र बन, खिलावन गिरी, तिलक पूरी, महेश पूरी, उमेश गिरी, विक्रांत बन, राजेंद्र भारती, नंदपुरी, भुवनेश्वर पुरी, गोल्डी गोस्वामी, चितरंजन पर्वत, टकेश्वर गिरी,राजेंद्र गिरी, नितिन भारती,चंदन पूरी,देवेंद्र भारती, आशीष गिरी,सचिन गिरी, सौरभ गोस्वामी, उर्मिला, गायत्री, माया, श्रीमती शिवानी, चंद्रकला, संध्या, अर्चना, कविता, उषा, ईश्वरी, ज्योति, परमेश्वरी, सीमा, अलका, अर्चना बन,डाक्टर आकांक्षा, मंजूषा रेणु आदि उपस्थित थे ।

### सनातन दसनाम गोस्वामी समाज का आयोजन



# श्रीराम जानकी मंदिर के आठ नामांतरण को संभागायुक्त ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

श्री राम जानकी मंदिर नगपुरा के नाम दर्ज जमीन की बिक्री किए जाने के मामले में नामांतरण की प्रक्रिया को संभागायुक्त दुर्ग द्वारा फैसला सुनाया गया है। जिसके तहत उन्होने आवेदक की आपत्ति की सुनवाई करते हुए आठ प्रकरणों के नामांतरण को निरस्त कर दिया है। दान के रूप में दी गई इस जमीन की बिक्री को लेकर नायब तहसीलदार दुर्ग को नामांतरण निरस्त किए जाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि, इस मामले को लेकर नगपुरा के नगपुरा के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में भी शिकायत की थी। इस दौरान मंदिर की ही जमीन को महंत द्वारा बेचने जाने के मामले में उन्होने नायब तहसीलदार की शिकायत की थी। इसी मामले में विगत 14 दिसंबर 2023 को संभागायुक्त दुर्ग द्वारा करीब आठ नामांतरण को निरस्त किए जाने का फैसला सुनाया है। जिसमें उन्होने गुरूदेव डेव्हलपर्स पार्टन्रगण निलेश पारख पिता किशन लाल पारख खंडेलवाल कालोनी दुर्ग, खूबचंद जैन आत्मज रामसेवक दास रसमडा और दूसरे प्रकरण में धनसाय चंदेल आत्मज स्व चमरू चंदेल दुर्ग, तीसरे प्रकरण में संध्या वैष्णव आ नरेन्द्र दास वैष्णव सिकोला व श्री ज्ञानचंद ओस्तवाल आ अखराज ओस्तवाल महावीर कालोनी दुर्ग, सातवे प्रकरण में ज्ञानचंद ओस्तवाल आ अखराज ओस्तवाल महावीर कालोनी, आठवे प्रकरण में अडागुडरी वेंकट लक्ष्मी पति अडागुडरी वेंकट भास्कर राव विजय नगरम आंध्रप्रदेश के नामांतरण को संभागायुक्त जनक प्रसाद पाठक ने निरस्त कर दिया है।

**पालन करेंगे**

संभागायुक्त द्वारा आठ प्रकरण में नामांतरण निरस्त करने का फैसला सुनाया है। जिसका पालन किया जाएगा।

**-अविनाश चौहान,** नायब तहसीलदार, दुर्ग

**निरस्त हुआ**

संभागायुक्त द्वारा आठ रजिस्ट्री के नामांतरण को निरस्त करने का फैसला सुनाया है। मंदिर की जमीन को कलेक्टर की अनुमति बगैर बेचा गया था।

**- आशीष तिवारी,** अधिवक्ता

## खबर संक्षेप



### बूढ़ापारा हनुमान मंदिर में किया रामरक्षा स्त्रोत

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने मंगलवार को सुबह बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में सात बार रामरक्षा स्त्रोत का पाठ किया और छह बार हनुमान चालीसा का पाठ। मंडल की आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि बूढ़ापारा केंद्र प्रति मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करता आ रहा है। जल्दी ही महाराष्ट्र मंडल के अन्य केंद्र भी समीपस्थ हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं रामरक्षा स्त्रोत का पाठ नियमित रूप से करेंगे। कार्यक्रम में हेमा पराड़कर, अपर्णा मोघे, अनघा करकशे, अर्चना मोघे सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

### 6 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल रेगे शीतला मंदिर ढीमर मोहल्ले का रहवासी है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 35 पौवा देशी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 3850 रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### एनीकट से तालाब भरने की योजना का क्रेडा सीईओ ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए तालाब न केवल उनके दैनिक उपयोग के निर्वहन के लिए, अपितु बहुत से रीति-रिवाजों से संबंधित कार्यों के लिए भी होते हैं। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण आस्थाओं से बहुत करीब से जुड़े हुए यह तालाब गर्मी के दिनों में सूख जाते हैं, जिससे न केवल उस तालाब के आश्रित ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ता है, बल्कि उनके रीति-रिवाजों से संबंधित कार्य भी प्रभावित होते हैं। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने इस संबंध में जिला महासमुंद के महासमुंद विकासखंड में स्थित ग्राम मुढ़ेना में एनीकट से तालाब भरने की एक प्रगतिरत परियोजना का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

### जिला सलाहकार समिति के सदस्य बने अमित

**रायपुर।** भारत सरकार के केंद्रीय युवा कल्याण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित चौधरी को नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS) से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

### समस्त उपनिषदों का सार है भागवत : पं. शास्त्री

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा के लिए वृंदावन से पधारे पं. अखिलेश शास्त्री ने कहा कि भागवत समस्त उपनिषदों का सार है। गायत्री मंत्र का सार, वेदों का अर्थ प्रकाशक है भागवत। महर्षि व्यास कहते हैं कि भागवत जीवन का ग्रंथ है, मनुष्य क्यों जीवित रहता है, तत्व-जिज्ञासा के लिए हर नर जीवित रहता है, मानव-मन में परमात्मा की ललक जगे, इसलिए मानव जीवित रहता है।

पेज 7 के शेष

### गणतंत्र दिवस पर ...

योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रथम शिविर ग्राम सुरजपुरा के शासकीय प्राथमिक शाला में सुबह 7 से 8 बजे है। उक्त शिविर में गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में सम्मानित योग प्रशिक्षिका सूर्यकिरण साहू प्रशिक्षण देंगी।

# पीएम श्री स्कूल होंगे ग्रीन जोन, वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड भी, अधिकारी करेंगे इनकी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत संचालित किए जा रहे 211 स्कूलों के लिए बजट की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम श्री योजना राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। पीएम श्री योजना के लिए चयनित शालाओं में सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। भवन निर्माण के लिए जिला स्तर पर निर्माण एजेंसी निर्धारित कर निर्माण एजेंसियों को राशि हस्तांतरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री अर्थात प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा, जिसके तहत स्मार्ट क्लास, पुस्तकालए, खेल उपकरण, प्रयोगशाला आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें प्रारंभिक स्तर पर 193, सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्तर पर 18 शालाएं शामिल हैं। ये स्कूल आस-पास के स्कूलों में मेंटरशिप भी प्रदान करेंगे।

## प्रदेश में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूल संचालित

### आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता

स्कूल शिक्षा सचिव ने कहा, पीएम श्री योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए 15 दिनों के भीतर आवश्यक राशि जारी करें और एक सप्ताह के भीतर प्राचार्यों की बैठक कर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक आपसी सामंजस्य बनाकर काम करें। आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए सभी स्कूलों का स्वयं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बालवाड़ी में अध्यापन कर रहे शिक्षकों के मानदेय तत्काल भुगतान किए जाने के निर्देश भी दिए।



### खेल को भी दिया जाएगा महत्व

पीएम श्री योजना के तहत शुरू किए गए स्कूलों में वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरावस्था के कार्यक्रम, कॅरियर काउंसलिंग, वार्षिक शाला अनुदान, ग्रीन स्कूल, स्पोर्ट्स, योग, खेल शिक्षक प्रशिक्षण, सोशल एजुकेटर, समावेशी शिक्षा जैसी गतिविधियां भी होंगी। इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 2 बड़े बकायादारों की फर्म पर 15 लाख रुपए बकाया, सील किया तो तत्काल आरटीजीएस

# बकाया कर जमा करने में ढिलाई 17 संस्थाओं को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे ने बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व कर वसूलने जोनवार अभियान चलाया है। मंगलवार को अलग-अलग जोन में 17 बड़े बकायादारों के संस्थान को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। वहीं 2 बड़े बकायादार के फर्म को सील करने पहुंची टीम को संबंधित फर्म संचालक ने तत्काल आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दिया।

■ पॉल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी पर 17 लाख 32 हजार का कर बकाया, दुकान को किया सील

नगर निगम के राजस्व विभाग की जोन टीमों ने 17 विभिन्न संस्थानों को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस दौरान बड़े बकायादारों ने 33 लाख 95 हजार 430 रुपए का बकाया राजस्व का भुगतान स्पॉट पर किया। यह कार्रवाई 10 जोन में 79 लाख 81 हजार 519 रुपए के डिमांड नोटिस पर बकाया राशि वसूलने की गई।

वीर शिवाजी वार्ड के 4 स्थानों पर जोन 1 अमले ने बकाया कर वसूली करने कार्रवाई की। 2 जगहों को सील किया गया, 2 स्थानों पर बड़े बकायेदार ने तत्काल बकाये की राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 23 हजार की बकाया राशि का भुगतान किया।

### शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर की 4 दुकानें सील

जोन 2 के राजस्व विभाग टीम ने शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर में अभियान चलाकर वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 तक के बड़े बकायेदार की 11 दुकानों में कार्रवाई की। इस दौरान 4 दुकानों को सील किया गया, अन्य 7 बकायेदारों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 50 हजार 156 रुपए का तत्काल भुगतान किया। जोन 3 के कालीमाता वार्ड स्थित बड़े बकायादार न्यू छत्तीसगढ़ किरायेदार के वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 तक डेढ़ लाख से ज्यादा के बकाया कर भुगतान नहीं करने पर संस्थान को सीलबंद करने कार्रवाई की गई।



### इन संस्थानों पर भी सीलबंदी

जोन 9 की टीम ने 2 वार्ड में 2016-17 से 2023-24 तक के 15 लाख 11 हजार रुपए के बड़े बकायेदार मेसर्स नैक्सेस देवकॉन प्रा. लि., तरुण मरवाह, विजय मरवाह एवं साहू कांप्लेक्स के 3 दुकानदार के संस्थानों में बकाया कर अदा नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई की। जोन 10 अमले ने 2 बड़े बकायादारों से संबंधित फर्मों में बकाया राजस्व वसूलने सीलबंदी की कार्यवाही करने गए, इस दौरान दोनों बड़े बकायादारों ने 15 लाख 20 हजार रुपए का आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा।



### माधवराव सप्रे वार्ड में डेयरी मालिक का संस्थान सील

जोन 8 राजस्व विभाग की टीम ने माधवराव सप्रे वार्ड में बड़े बकायेदार व डेयरी मालिक महेंद्र यादव के संस्थान पर सीलबंदी की कार्रवाई की। यह कार्रवाई 2015-16 से 2023-24 तक के 4 लाख 75 हजार 274 रुपए बकाया कर भुगतान नहीं किए जाने पर की गई।

### मोतीबाग कांप्लेक्स की 4 दुकानें सील

मोतीबाग कांप्लेक्स में वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक के बकायेदार गंगा सागर मिश्रा दुकान नंबर 47, शिव प्रसाद दुकान नंबर 48, विवेक गुप्ता दुकान नंबर 49, बलराम गुप्ता दुकान नंबर 50 पर सीलबंदी की कार्रवाई बकाया कर के भुगतान में कोताही पर की गई। जोन 5 की टीम भक्त कर्मा वार्ड क्षेत्र स्थित संस्थान के बड़े बकायेदार पर 4 लाख 77 हजार की बकाया राशि जमा नहीं करने पर संस्थान में सीलबंदी करने पहुंची, इस दौरान संबंधित बड़े बकायेदार ने निगम को सम्पूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर स्वयं को सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा। ईश्वरीचरण चरण शुक्ल वार्ड क्षेत्र में 17 लाख 32 हजार रुपए के बड़े बकायेदार पाल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रोपराइटर अरविंदर सिंह के संस्थान को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की।

## वित्त मंत्री से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की मुलाकात

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मंगलवार को उनके शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. मणि ने वित्त मंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें राज्य में नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। नाबार्ड की तरफ से श्री चौधरी को 2024-25 के स्टेट फोकस पेपर रिलीज के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. मणि ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबार्ड पहले जिला और फिर राज्य का क्रेडिट पोटेंशियल बताता है। इससे कृषि, लघु एवं मध्यम उद्योग समेत अन्य प्रायोरिटी सेक्टर के प्रयोजनों के लिए राज्य को नाबार्ड से ऋण मिलने में मदद मिलती है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नाबार्ड के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वो विकसित भारत के संबंध में एक विस्तृत योजना बनाएं तथा उन्नत कृषि के लिए प्रत्येक जिले की ग्राउंड लेवल प्लानिंग करे ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके और युवाओं का कृषि के प्रति रुझान बढ़े।

## विनोद बने मानव अधिकार संघ के जिला अध्यक्ष



**बेमेतरा/कोदवा।** कोदवा में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया और सर्वसम्मति से पदाधिकारी का मनोनयन का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके उपरांत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने जिले की जिम्मेदारी विनोद शर्मा को सौंपते हुए जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया, साथ मानव अधिकार संघ के सदस्यजनों की सहमति पर बेरला ब्लाक के अध्यक्ष रूपेंद्र वैष्णव व साजा ब्लाक अध्यक्ष संतोष शर्मा को नियुक्त किया गया। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद शर्मा, संतोष शर्मा, कमल साहू, सेवाराम साहू, संदेश वर्मा, कुमार साहू, रूपेंद्र वैष्णव, ओमकार साहू, केशव साहू, संत कुमार, प्रह्लाद साहू, आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डगनिया, डीडीनगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के दर्जनभर से ज्यादा दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डंगनिया, डीडी नगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के बाजार क्षेत्र में सफाई में कोताही बरतने वाले दर्जनभर से ज्यादा दुकानदारों पर निगम अमले ने 10,600 रुपए जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सड़क यातायात बाधित किए जाने पर फटकार लगाई गई। जन शिकायत के आधार पर जोन कमिश्नर सुशील चौधरी ने औचक निरीक्षण में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों से जुर्माना वसूला।

■ बाजार क्षेत्र में मिली गंदगी, सड़क यातायात को बाधित किया जाना पाया

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने 10 जोन के कमिश्नरों को निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्षेत्र में डंगनिया, डीडी नगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के बाजार क्षेत्रों में प्राप्त जनशिकायतों की वस्तुस्थिति जानने 14 दुकानों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया।



### दुकानों में साफ-सफाई का अभाव पाया

निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित 14 भिन्न दुकानों में साफ-सफाई का अभाव पाया, साथ ही सड़क यातायात को बाधित किया जाना पाया गया। जोन कमिश्नर ने संबंधित दुकानों के संचालकों को सफाई व्यवस्था तत्काल सुधारने और भविष्य में सड़क यातायात बाधित नहीं किये जाने के निर्देश देते हुए इन दुकानदारों से 10,600 रुपये का जुर्माना वसूला।

## लभांडी और फुंडहर में पानी टंकी बनाई, अब राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने फंड खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी से हजारों लोगों को इस गर्मी में पानी मिलना मुश्किल है। अमृत मिशन के तहत मिली राशि से नगर निगम ने अनुबंधित ठेकेदार से फुंडहर की नई पानी टंकी बनवाई, पर राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन सहित स्काडा सिस्टम के लिए पैसा नहीं है। वहीं लभांडी में पानी टंकी का निर्माण बाटम स्लैब तक ही हो पाया है, बाकी का काम करान पंद्रहवें वित्त आयोग से 40 करोड़ की राशि मांगी गई है। इसकी स्वीकृति शासन स्तर पर लंबित है।

■ पंद्रहवें वित्त आयोग से नहीं मिली 40 करोड़ की राशि

राजधानी में अमृत मिशन के तहत शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर में बन रही पानी टंकी का काम फंड की कमी से अटक गया है। लभांडी में 25 लाख किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी आधी अधूरी ही बन पाई है।



पंद्रहवें वित्त आयोग से राशि नहीं मिलने के कारण राइजिंग लाइन बिछाने और लोगों के घरों तक इंटर कनेक्शन का काम नहीं हो पा रहा है। यही नहीं, जल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम विकसित करने अहम कार्य इससे प्रभावित है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, अमृत मिशन के तहत नगर निगम में शामिल 7 गांवों में नई पानी टंकी स्थापित कर लोगों के घरों तक नलों से पानी पहुंचाने के कार्य की स्वीकृति उन्होंने पहले ही ले ही है।

### नहीं मिले 40 करोड़

फुंडहर और लभांडी में नई पानी टंकी निर्माण और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन कार्य सहित स्काडा सिस्टम के लिए 40 करोड़ की मांग की गई है। पंद्रहवें वित्त आयोग से यह राशि अब तक नगर निगम को नहीं मिली है।

*- अंशुल शर्मा, नोडल अधिकारी, अमृत मिशन योजना*

### फुंडहर में 20 लाख किलोलीटर की नई पानी टंकी तैयार

फुंडहर बस्ती के दोनों तरफ 4 हजार लोगों के घर पहली बार नलों से पानी पहुंचाने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 20 लाख किलोलीटर की नई पानी टंकी बनवाई है। टंकी की रंगाई पोताई का काम पूरा हो गया है, पर पेयजल वितरण के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन के लिए पैसा खत्म होने के कारण काम अटक गया है। वार्ड पार्षद धनेश बंजारे ने आधे अधूरे काम को जल्द पूरा कराने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है, पर स्वीकृत राशि नहीं मिलने से पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हो पाया।

## देश के आठ फीसदी कुष्ठ रोगी छत्तीसगढ़ से संबंधित, चार साल में रोग मुक्त करने विभागीय दावे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुष्ठ की प्रभाव दर 7.72 प्रतिशत से घटकर 2.29 तक आ चुकी है और अगले चार साल में राज्य को रोग मुक्त करने के विभागीय दावे किए जा रहे हैं। देश के आठ फीसदी कुष्ठ रोगी छत्तीसगढ़ से संबंधित हैं, जिन्हें निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सर्जरी के चरणबद्ध अभियान के माध्यम से सालभर में कुष्ठ विकृति मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के दावे किए जा रहे हैं। निर्माण के पहले राज्य में कुष्ठ प्रभाव दर 7.72 हुआ करता था, इसकी रोकथाम के लिए विभिन्न तरीके से चलाए गए अभियान के बाद प्रभाव दर में काफी गिरावट आ चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक कुष्ठ मरीजों की पहचान के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक राज्य में 6000 कुष्ठ प्रभावितों की पहचान कर उन्हें निशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। रायपुर जिले में कुष्ठ प्रभावित पंजीकृत मरीजों की संख्या 777 है। इनमें 63 मरीज पीबी और 714 मरीज कुष्ठ के एमबी श्रेणी के मरीज हैं। अधिकारियों का दावा है कि पहले देश के 30 प्रतिशत से अधिक कुष्ठ प्रभावित मरीज छत्तीसगढ़ से होते थे, मगर अब स्थिति बदल चुकी है। छत्तीसगढ़ से अधिक कुष्ठ प्रभावित झारखंड और महाराष्ट्र में सामने आ रहे हैं। देश में हर साल मिलने वाले औसतन 1.13 लाख मरीजों में केवल सात से आठ हजार मरीज छत्तीसगढ़ के संबंधित हैं। इन मरीजों की पहचान कर उन्हें श्रेणी के आधार पर छह माह और सालभर तक दवा की खुराक निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा ग्रेड टू की श्रेणी में आने वाले मरीजों की सर्जरी के माध्यम से विकृति दूर की जाती है। वर्ष 2027 तक राज्य को कुष्ठ मुक्त किए जाने का लक्ष्य लेकर काम किया जा रहा है।

■ 7.72 से घटकर 2.29 प्रतिशत तक आ चुकी राज्य में कुष्ठ प्रभाव दर



### रोकथाम के लिए कैप्सूल

सूत्रों के मुताबिक कुष्ठ का विस्तार का ना हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नए मरीजों की पहचान के बाद उनेक क्लोज कांटेक्ट में रहने वाले मरीजों को आवश्यक दवा का सेवन कराया जा रहा है। इसके लिए राज्यभर में करीबन आठ लाख केप्सूल का वितरण किया गया है।

### लगातार चला रहे अभियान

कुष्ठ प्रभावितों की पहचान कर उनके इलाज के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में कुष्ठ के प्रभाव दर में काफी कमी आ चुकी है।

- **डॉ. जीतेन्द्र कुमार,** राज्य कार्यक्रम अधिकारी (कुष्ठ)

## बुजुर्गों के राशनकार्ड नवीनीकरण करने में पार्षद दे रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में आ रही सर्वर डाउन सहित अन्य तरह की दिक्कत को देखते हुए पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने अनूठा तरीका अपनाया है। वे अपने वार्ड के ऐसे बुजुर्गों तक पहुंच रहे हैं, जिन्हें मोबाइल चलाने में दिक्कत होती है या फिर जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनके घर जाकर वार्ड पार्षद राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में सहयोग देने आगे आए हैं।

■ जो चल-फिर नहीं सकते, मोबाइल चलाने में दिक्कत वाले वरिष्ठजनों को दे रहे सहयोग

मंगलवार को पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने बुजुर्गों के राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में मदद की। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण जनता को काफी परेशानी हो रही है। यह उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है। इसलिए प्रतिदिन वे 10 से 15 बुजुर्ग के घर जाकर राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए मदद प्रारंभ किए हैं। वार्ड में कई ऐसे परिवार हैं, जहां काफी बुजुर्ग हैं, जो चल-फिर नहीं सकते हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जिनके पास मोबाइल नहीं है, कुछ ऐसे भी हैं, जो अकेले ही घर पर रहते हैं। उनके घर जाकर उनका राशनकार्ड नवीनीकरण करने में मदद कर रहे हैं, ताकि वरिष्ठजनों को कोई परेशानी न हो।



**खबर संक्षेप**



## पुण्यतिथि पर सीएम ने गांधी जी को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश पर प्राण न्योछावर करने वाले वीर बलिदानियों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। गांधीजी ने पूरी दुनिया को दिखाया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर डटे रहकर किस तरह बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी विश्व के लिए न सिर्फ उपयोगी हैं, बल्कि उनके विचारों और दर्शन में अनेक समस्याओं का समाधान भी छिपा है। उन्हीं की प्रेरणा से नए और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। हम सभी गांधी जी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रण लें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। यही गांधीजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## राजभवन में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को राजभवन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्कूल के नवीनीकरण के लिए मिलेंगे पांच करोड़

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को प्रो. जेएन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उच्च शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रतियोगिता काफी कठिन हो गई है ऐसे में बच्चों को पहले से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी के अनुसार कड़ी मेहनत करनी चाहिए। पढ़ाई के अलावा खेल-कूद और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बच्चों को ध्यान देना चाहिए, जिससे उनका व्यक्तित्व और निखर सके।

## शहीदों को किया नमन

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रालयीन अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के अमर शहीद सेनानियों को श्रद्धांजलि दी।

### ग्रामीणों को यातायात नियमों, नशा मुक्ति के खिलाफ, सायबर ठगी व अन्य अपराधों की दी जानकारी

# खण्डसरा बाजार चौक में पुलिस ने लगाया समाधान शिविर, एसपी ने ग्रामीणों से चर्चा कर सुनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ एसपी ने छात्र, छात्राओं को आगे बढ़ने किया प्रोत्साहित

पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, शासन के मंशानुरूप जिले में पुलिस प्रशासन समाधान शिविर आयोजित आमजनों की समस्याओं का जहां निराकरण कर रही है वहीं विभिन्न अपराधों एवं कानून से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

इसी के तहत पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की उपस्थिति में पुलिस अनुविभाग क्षेत्रांतर्गत ग्राम खण्डसरा के बाजार चौक में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एक स्कूली छात्रा ने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल आते-जाते समय उन लोगों को परेशान किए जाने की शिकायत करते हुए स्कूली छात्रों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। जिसके उपरांत एसपी ने तत्काल पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह को बच्चों के स्कूल आने और जाने एवं भीड़, सूनसान वाले सभी जगहों पर लगातार पेट्रोंलिग करने और सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी। एसपी श्रीमती गुप्ता ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप के तहत सेल्फ डिफेंस, महिलाओं एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध व उनके रोकथाम पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 पर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी। उन्होंने त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 के संबंध में विस्तार से बताया।

**नशे से रहें दूर :** एसपी ने कहा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करें इससे परिवार, गांव, समाज पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त बना कर देश के विकास में हम सब सहयोग प्रदान करें, इस दौरान नशे के कारणों व उनसे व्यक्ति व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव व नशे की लत से मुक्ति के उपाय विषय पर सार्थक चर्चा परिचर्चा की गई तथा युवाओं को नशे से दूर रहने समझाईस दिया गया।

### बेहतर समन्वय बनाना उद्देश्य

समाधान शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनता के द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण करना है। साथ ही यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं अधिक से अधिक हेलमेट धारण संबंधी प्रोत्साहन देने हेतु पुलिस का सहयोग करें, जिससे सड़क हादसों के दौरान संभावित हेलमेट नहीं पहनने के कारण हो रही मौतो को रोका जा सके।

### ये रहे मौजूद

उक्त कार्यक्रम में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, यातायात से उप निरीक्षक प्रवासी यादव, पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, ग्राम खण्डसरा सरपंच नरोत्तम जायसवाल, उप सरपंच मनोज जायसवाल, लावातरा सरपंच देवकुमार बनर्जी, हाई स्कूल व्याख्याता श्रद्धा चंद्राकर, व्याख्याता अरविंद कुमार सोनी, व्याख्याता रोहित कुमार वर्मा, महिला सहायता समूह अध्यक्ष सारदा मारकंडेय एवं ग्राम खण्डसरा के वरिष्ठ नागरीकगण एवं पुलिस चौकी खण्डसरा व यातायात के अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### छात्राओं के लिए एसपी आफिस में मोटीवेशन कार्यशाला

एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने छात्राओं को पढ़ाई के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अनुशासन में रहने, अनुशासन में रहकर ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। एसपी ने छात्र, छात्राओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया और विषम परिस्थितियों में अपनें नैतिक बल ऊंचा रखने, परिस्थितियों से लड़ने के लिए कई उदाहण प्रस्तुत करते हुए टिप्स दिये। उन्होंने छात्राओं से कहा कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मोटीवेशन कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिससे जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सहयोग मिल सके। एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने समाधान के उपयोगिता के बारे में बताया ।डीएसपी राजेश कुमार झा ने समाधान शिवर को बहुत ही उपयोगी और जनता के लिए सहयोगी करार दिए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने गांव के प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया वही महिलाओं, ग्रामीणों एवं बच्चों को हेल्मेट, पेन का वितरण भी किया, स्कूली छात्राओं ने एसपी से रूबरू हुये और एसपी से बातचीत कर अपनी खुशी जाहिर किये।

## अभाविप ने मनाया युवा महोत्सव



**बेमेतरा/साजा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही स्वामी जी की रूप बनाकर छात्रों ने शोभायात्रा निकाली, जो पूरे साजा नगर में भ्रमण करते हुए लोगों को जागरूक की। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के दसवीं व बारहवी व खेल में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निबंध, थाल सजावट, हार सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता को भी सम्मानीत किया गया, कार्यक्रम में आतिथि के रूप मे प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, जिला संयोजक किशन साहू, प्रांत छात्रा सह प्रमुख, नगर उपाध्यक्ष मनोज साहू, नगर मंत्री अरुण सिंह उपस्तिथ रहे। साथ ही परिषद के रणजीत राजपूत, सौरभ, घनश्याम, मानसिंह, झम्मन, चम्पेश्वर, गोविंद, भोला, संदीप, नरेन्द्र, रोहित, हेमप्रकाश, जगनंद, ईश्वरी, उमेश, हेमंत, बलदाऊ, देवीलाल, सूर्या, नीलेश, अमित, दुर्गा, शिवा पटेल, छात्रपाल, नीता, हेमा, योगेश्वरी, तोशिका, खुसबू, मीना, प्रिया, सपना, थानेश्वरी, पेमिन, मिनेश्वरी, लक्ष्मी समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कंतेली में 11 को होगा कुर्मी मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभाओं का होगा सम्मान

सिंगरौर कुर्मी समाज ने बेमेतरा के पूर्व मालगुजार दाऊ उमराव सिंह वर्मा की जयंती को सिंगरौर कुर्मी दिवस (कुर्मी मेला) के रूप में मनाएगी। यह आयोजन 11 फरवरी को दुर्ग रोड स्थित कुर्मी भवन कंतेली में आयोजित होगा।

इसके लिए केंद्रीय समिति ,परिक्षेत्रीय समिति, ग्रामीण समिति के पदाधिकारियों के द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है। केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों के द्वारा गांव-गांव जाकर ग्रामीण पदाधिकारियों से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने बताया की इस आयोजन को लेकर गांव-गांव में उमंग का माहौल है। आयोजन की तैयारी को लेकर केंद्रीय समिति के अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा के द्वारा अलग-अलग प्रकोष्ठ का गठन कर सबको अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस आयोजन में समाज के युवा प्रतिभावान, छात्र, छात्राओं, उत्कृष्ट कृषक, सफल व्यवसायी, युवा प्रतिभा, अलग-अलग विधा में उनको कुर्मी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दिन कबीरबकुटी किसान भवन के पीछे से समाज के युवाओं द्वारा भव्य बाइक रैली व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी रखा गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री राजस्व व खेल युवा कल्याण विभाग, अध्यक्षता महेंद्र सिंह वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार, अति विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग व प्रदेशाध्यक्ष छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज। लताऋषि चंद्राकर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष कुर्मी समाज। डॉ. प्रवीण वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष छग लोकसेवा आयोग रायपुर। रीता शांडिल्य आईएएस, सदस्य राजस्व मंडल बिलासपुर। विशिष्ट अतिथि विजय वर्मा, दाऊ उमराव सिंह वर्मा के उत्तराधिकारी, टोपेन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष, घासी राम वर्मा, देवदत्त वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, सीडी वर्मा संयुक्त कलेक्टर सेवानिवृत्त, महेश वर्मा सरपंच कंतेली, ऋषि कुमार वर्मा पूर्व अध्यक्ष कुर्मी समाज के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। यह जानकारी कुर्मी समाज के मीडिया प्रभारी राजा वर्मा ने दी।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र ने लक्ष्मीनारायण देव को दी श्रद्धांजलि



**बेमेतरा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने जगदलपुर सुकमा पहुंच कर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण देव के पिताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजेन्द्र शर्मा ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के पिताजी स्व लक्ष्मीनारायण देव सुकमा के प्रतिष्ठित नागरिक के साथ वहां के जमींदार भी थे। इस दौरान साथ जिले के भाजपा नेता नथमल कोठरी एवं मूलचंद शर्मा उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत करने बनी 11 समितियां

**5 दिनों तक छत्तीसगढ़ के 7 जिलों 536 किमी होकर यात्रा गुजरेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत होगा। कांग्रेस पार्टी ने उनकी यात्रा के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। 11 कमेटियां बनाई गई हैं तथा यात्रा जिन जिलों से गुजरेगी वहां के लिये वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा राज्य के 7 जिलों से होकर गुजरेगी तथा 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में रहेंगे। भुखमरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में राहुल गांधी की न्याय पदयात्रा लोगों के जख्मों पर मरहम साबित होगी।

देश की एकता, अखण्डता, संविधान, लोकतंत्र की रक्षा, जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है। भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है।

### न्याय यात्रा से डर गई भाजपा

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत से ही भाजपा डर गयी है। मणिपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरुआत के लिये पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गयी, तो उसमें शर्तें भी लगा दी गयी थीं। असम की भाजपा सरकार ने यात्रा में बाधा करने के लिये स्तरहीन हथकंडा अपनाया था। भाजपा नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हों, इसीलिए राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षड़यंत्र रचा जा रहा है।

# राजस्व के सामान्य प्रकरण 90 दिनों में, विवादित मामले अपील पुनरीक्षण का तीन महीने में होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में तेजी आएगी। राज्य में बड़ी संख्या में लंबित ऐसे मामलों के तेजी से निराकरण के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अविवादित श्रेणी के मूल मामलों, विवादित श्रेणी के मामले और अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन के मामलों को लोक सेवा गारंटी के अधीन लाया गया है। यानी इन प्रकरणों के निपटारे के लिए समयसीमा तय कर दी गई है।

### अधिनियम में हुआ संशोधन

राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने छत्तीसगढ़ लोकसेवा गारंटी अधिनियम की वर्ष 2011 में जारी अधिसूचना में संशोधन किया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना भी जारी की गई है। खास बात ये है कि इससे पूर्व राजस्व संबंधी मामलों में केवल नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों को ही लोकसेवा गांरटी में शामिल किया गया था। इन प्रकरणों के निपटारे के लिए समय सीमा निर्धारित थी।

### अब हुआ ये बदलाव

लोक सेवा गारंटी अधिनियम – 2011

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम में संशोधन किया है कि अविवादित श्रेणी के मूल मामलों में सेवा प्रदाय करने की समय सीमा 90 दिन होगी। इसी तरह विवादित श्रेणी के मूल मामलों में सेवा प्रदाय करने की समय सीमा 180 दिन तथा अपील पुनरीक्षण,पुनर्विलोकन के मामलों में सेवा प्रदाय की समय सीमा 180 कार्य दिवस होगी।

### इसका मतलब है टाइमलाइन तय

राज्य सरकार द्वारा लोकसेवा गारंटी अधिनियम में किए गए इस बदलाव का क्या मतलब है? राजस्व मामलों के जानकार अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इसका मतलब ये है कि संबंधित मामलों के निपटारे के लिए समय सीमा यानी टाइम लाइन तय कर दी गई है। संबंधित राजस्व न्यायालयों को अब निर्धारित समय सीमा में इन प्रकरणों की सुनवाई कर उनका निपटारा करना होगा। इसका मतलब ये भी है कि अगर किसी प्रकरण के निपटारे में देर के लिए कोई अपरिहार्य कारण नहीं है, तो समय सीमा में ही उनका निराकरण करना होगा।

### प्रदेश में लंबित हैं हजारों प्रकरण

जानकारों के मुताबिक राज्य में राजस्व संबंधी हजारों प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को आखिरी दो साल में भी इन प्रकरणों के निपटारे के लिए खुद मुख्यमंत्री ने कई बार निर्देश दिए, लेकिन मामले लंबित ही रहे। यही स्थिति अब भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनी हुई थी। यही कारण है कि अब लंबित प्रकरणों के तेजी से निपटारे के लिए तीन प्रकार के मामलों को लोकसेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया गया है। राज्य में राजस्व संबंधी मामलों में लंबित की संख्या इस प्रकार है- 6 माह से अधिक लंबित 73 हजार 620, 6 माह से एक वर्ष तक से लंबित 32 हजार 535, एक वर्ष से तीन वर्ष तक लंबित 24 हजार 844, तीन वर्ष से पांच वर्ष तक लंबित 5 हजार 163, पांच वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या 4 हजार 469 है।

### उप सचिव, अवर सचिव और अनुभाग अधिकारियों की पदोन्नति

# मंत्रालयीन सेवा के 24 अधिकारियों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मंत्रालयीन सेवा के 24 अधिकारियों के पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। विभिन्न विभागों के उप सचिव, अवर सचिव और निज सचिवों की पदोन्नति कर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। हरिश टंडन निज सहायक सचिव कृषि को निज सचिव, छविलाल साहू निज सचिव सीएम के सचिव को निज सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है।

अवर सचिव के पद से उप सचिव के पद पर पदोन्नत अधिकारियों में रविंद्र मेढेकर पीएचई से जल संसाधन विभाग, विजय कुमार चौधरी समाज कल्याण विभाग से स्वास्थ्य विभाग, कमलेश कुमार साहू को वित्त विभाग से धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, काशी प्रसाद राजपूत को वन विभाग में यथावत रखा गया है। सरोज उईके राजभवन सचिवालय से आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ किया गया है। सहायक अनुभाग अधिकारी से अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत अधिकारियों में शिव कुमार गौड़ पंचायत से आदिम जाति कल्याण विभाग, राजपाल बघेल को राजस्व से वित्त विभाग, राजेश कुमार जैन आदिम जाति कल्याण विभाग से अनुसूचित जाति विकास विभाग, राजेश मिश्रा इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी को गृह विभाग, मुस्ताक अली अंसारी पशुधन विभाग से सहकारिता विभाग, विजय कुमार चौरसिया ग्रामोद्योग से राजस्व विभाग, मिर्जा अयाज जीएडी से वित्त विभाग, नीरज शर्मा खाद्य से वित्त विभाग, जयंत भगवान कोलते जीएडी से पशुधन, आशीष शर्मा विज्ञान प्रौद्योगिकी से वित्त विभाग, कमलेश कुमार बंजारे वित्त से जल संसाधन विभाग में पदस्थ किया गया है। अनुभाग अधिकारी से अरव सचिव के पद पर पदोन्नत अधिकारियों में उमेंदी राणा जीएडी से परिवहन, दशेराम चंद्रवंशी जीएडी से आदिम जाति कल्याण, मुकेश चौहान गृह से स्वास्थ्य विभाग, तुकाराम भतपहरी सहकारिता से पीएचई, किर्तीवर्धन उपाध्याय वित्त से इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कवंर लाला मांझी पशुधन से वन विभाग पदस्थ किए गए हैं।

